अनुक्रमांक .

नाम ..

901

082653

# 801(BD)

A082653

**2025**

# हिन्दी

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

**निर्देश :**

i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

ii) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों, **खण्ड – अ** तथा **खण्ड – ब** में विभक्त है ।

iii) **खण्ड – अ** में **1** अंक के **20** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनके सही उत्तर **ओ० एम० आर०** उत्तर पत्रक पर **नीले** अथवा **काले बाल प्वाइंट कलम** से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला कर चिह्नित करें ।

iv) **खण्ड – अ** के प्रत्येक प्रश्न का निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त **ओ० एम० आर०** उत्तर पत्रक पर ही उत्तर दें । **ओ० एम०आर०** उत्तर पत्रक पर उत्तर देने के पश्चात उसे नहीं काटें तथा इरेजर अथवा ह्वाइटनर का प्रयोग न करें ।

v) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।

vi) **खण्ड – ब** में **50** अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं ।

vii) **खण्ड – ब** में सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही करें ।

viii) प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए तथा अन्तिम प्रश्न तक करते जाइए । जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए ।

## खण्ड – 'अ'

### बहुविकल्पीय ( वस्तुनिष्ठ ) प्रश्न

1. शुक्लयुगीन लेखक हैं
(A) नाभादास (B) शिवपूजन सहाय (C) रामप्रसाद निरंजनी (D) दौलत राम 1

2. मोहन राकेश का नाटक है
(A) अजातशत्रु (B) सिन्दूर की होली (C) स्वर्ग की झलक (D) आधे-अधूरे 1

3. 'साहित्य की विशेषताएँ' लेख की विधा है
(A) आलोचना (B) उपन्यास (C) निबन्ध (D) नाटक 1

4. 'महके आँगन-चहके द्वार' के रचयिता हैं
(A) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' (B) महादेवी वर्मा
(C) रामवृक्ष 'बेनीपुरी' (D) प्रभाकर माचवे 1

5. 'उसने कहा था' प्रसिद्ध कहानी के कहानीकार हैं
(A) राजा शिव प्रसाद 'सितारे हिन्द' (B) इंशा अल्ला खाँ
(C) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' (D) बंग महिला 1

6. रीतिबद्ध काव्यधारा के कवि हैं
(A) केशवदास (B) घनानन्द (C) ठाकुर (D) इनमें से कोई नहीं 1

7. प्रयोगवाद युगीन कृति है
(A) कामायनी (B) प्रिय प्रवास (C) रंग में भंग (D) धूप के धान 1

8. सुमित्रानन्दन पन्त की रचना है
(A) 'हिमतरंगिनी' (B) 'चिदम्बरा' (C) 'यशोधरा' (D) 'त्रिधारा' 1

9. 'तीसरा सप्तक' का प्रकाशन वर्ष है
(A) 1979 (B) 1959 (C) 1951 (D) 1971 1

10. 'गंगा लहरी' के रचयिता हैं
(A) भूषण (B) मतिराम (C) पद्माकर (D) देव 1

11. हास्य रस का स्थायीभाव है
(A) विस्मय (B) उत्साह (C) हास (D) जुगुप्सा 1

12. 'चरन-कमल बंदौं हरि राइ' में अलङ्कार है
(A) रूपक (B) उत्प्रेक्षा (C) उपमा (D) इनमें से कोई नहीं 1

13. 'सोरठा' छन्द के द्वितीय चरण में मात्राएँ होती हैं
(A) 11 (B) 13 (C) 16 (D) 24 1

A082653

14. 'अभ्यागत' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है

(A) अनु (B) अधि (C) अभि (D) इनमें से कोई नहीं 1

15. 'माता-पिता' में समास है

(A) कर्मधारय समास (B) द्विगु समास (C) बहुव्रीहि समास (D) द्वन्द्व समास 1

16. 'अमृत' का पर्यायवाची शब्द है

(A) जीवन (B) पावन (C) अमिय (D) पिय 1

17. 'युष्मद्' चतुर्थी एकवचन का रूप है

(A) तुभ्यम् (B) त्वत् (C) तव (D) युष्मासु 1

18. रचना के आधार पर वाक्य के भेद हैं

(A) चार (B) तीन (C) छः (D) पाँच 1

19. भाववाच्य में प्रधानता होती है

(A) कर्म की (B) कर्त्ता की (C) क्रिया की (D) इनमें से कोई नहीं 1

20. विकारी पद के भेद हैं https://www.upboardonline.com

(A) तीन (B) छः (C) आठ (D) चार 1

## खण्ड – 'ब'

## वर्णनात्मक प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 × 2 = 6

वह अश्वारोही अवाक् खड़ा था । बुढ़िया के प्राण-पक्षी अनन्त में उड़ गए । वहाँ एक अष्टकोण मन्दिर बना और उस पर शिलालेख लगाया गया – "सातों देश के नरेश हुमायूँ ने यहीं एक दिन विश्राम किया था । उसके पुत्र अकबर ने उसकी स्मृति में यह गगनचुम्बी मन्दिर बनाया ।" पर उसमें कहीं ममता का नाम नहीं ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) अकबर ने किसकी स्मृति में मन्दिर बनवाया ?

(iii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

**अथवा**

मानवता के सम्पूर्ण इतिहास की सर्वाधिक रोमांच घटना के एक-एक क्षण के वे भागीदार बन रहे थे – उत्सुकता और कुतूहल के कारण अपने अस्तित्व से ही बिल्कुल बेखबर हो गए थे । युग-युग के किस देश और जाति ने चन्द्रमा पर पहुँचने के सपने नहीं सँजोये – आज इस धरा के ही दो मानव उन सपनों को सच कर दिखाने के लिए कृत-संकल्प थे ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) मानव इतिहास की महत्वपूर्ण घटना कौन थी ?

(iii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

2. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 × 2 = 6

मिला सेव्य का हमें पुजारी

सकल काम उस न्यायी का

मुक्ति लाभ कर्तव्य यहाँ है ।

एक-एक अनुयायी का

कोटि-कोटि कंठों से मिलकर

उठे एक जयनाद यहाँ

सबका शिव कल्याण यहाँ है

पावें सभी प्रसाद यहाँ ।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(iii) 'कोटि-कोटि कंठों से मिलकर' पंक्ति में कौन सा अलंकार है ?

**अथवा**

पुर ते निकसी रघुवीर वधू, धरि धरि दए मग में डग द्वै ।

झलकी भरि भाल कनीं जल की पुट सूखि गए मधुराधर वै

फिर बूझाति हैं, चलनों अब केतिक, पर्णकुटी करिहौं कित है ।

तिय की लखि आतुरता पिय की अँखियाँ अति चारु चलीं जल च्वैं ।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक एवं कवि के नाम का उल्लेख कीजिए ।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(iii) पद्यांश में प्रयुक्त 'मधुराधर' शब्द का विशेषण-विशेष्य छाँटकर लिखिए ।

A082653

A082653

3. निम्नलिखित संस्कृत गद्यांश का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 2 + 3 = 5

वाराणसी सुविख्याता प्राचीना नगरी । इयं विमलसलिलतरङ्गायाः गङ्गायाः कूले स्थिता । अस्याः घट्टानां वलयाकृतिः पंक्तिः धवलायां चन्द्रिकायां बहु राजते । अगणिताः पर्यटकाः सुदूरेभ्यः देशेभ्यः नित्यम् अत्र आयान्ति, अस्याः घट्टानां शोभां विलोक्य बहु प्रशंसन्ति ।

**अथवा**

पुनः ग्रामाणो अब्रवीत् 'इदानीं भवान् पृच्छतु प्रहेलिकाम् ।' दण्डदानेन खिन्नः नागरिकः बहुकालं विचार्य न काञ्चित् प्रहेलिकाम् अस्मरत्, अतः अधिकं लज्जमानः अब्रवीत्, ''स्वकीयायाः प्रहेलिकायाः त्वमेव उत्तरं ब्रूहि ।'' तदा स ग्रामीणः विहस्य स्वप्रहेलिकायाः सम्यक् उत्तरं अवदत् 'पत्रम्' इति ।

4. निम्नलिखित संस्कृत श्लोकों में से किसी **एक** का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 2 + 3 = 5

न वै ताडनात् तापनाद् वह्निमध्ये
न वै विक्रयात् क्लिश्यमानोऽहमस्मि ।
सुवर्णस्य मे मुख्य दुःखं तदेकं
यतो मां जनाः गुञ्जया तोलयन्ति ।।

**अथवा**

अपदो दूरगामी च साक्षरो न च पण्डितः ।
अमुखं स्फुटवक्ता च यो जानाति स पण्डितः ।।

5. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर दिए गए प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए : 1 × 3 = 3

(क) (i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर सुभाषचन्द्र बोस का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग का कथानक लिखिए ।

(ख) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के 'पूर्वाभास' सर्ग की कथावस्तु लिखिए ।

(ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर 'श्रीकृष्ण' का चरित्रांकन कीजिए ।

(ग) (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर कैकेयी की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

(ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग 'राजभवन' की कथावस्तु का उल्लेख कीजिए ।

(घ) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर कुन्ती का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के षष्ठ सर्ग की कथावस्तु लिखिए ।

(ङ) (i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर महाराणा प्रताप का चरित्रांकन कीजिए ।

(ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के चतुर्थ सर्ग 'दौलत' की कथावस्तु का वर्णन कीजिए ।

(च) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर मेघनाद का चरित्रांकन कीजिए ।

(ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के किसी एक सर्ग का कथानक लिखिए ।

(छ) (i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के आधार पर महात्मा गाँधी की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

(ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग की कथावस्तु का वर्णन कीजिए ।

(ज) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के आधार पर चन्द्रशेखर 'आजाद' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के 'संघर्ष' सर्ग की कथावस्तु लिखिए ।

(झ) (i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के आधार पर लोकनायक 'जवाहरलाल नेहरू' की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । https://www.upboardonline.com

(ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

6. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी **एक** लेखक का जीवन-परिचय देते हुए उनकी एक **प्रमुख** रचना का उल्लेख कीजिए : 3 + 2 = 5

(i) जयशंकर प्रसाद (ii) जयप्रकाश भारती

(iii) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद (iv) डॉ० भगवतशरण उपाध्याय ।

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का जीवन परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए : 3 + 2 = 5

(i) मैथिलीशरण गुप्त (ii) बिहारीलाल

(iii) सुमित्रानन्दन पन्त (iv) अशोक वाजपेयी ।

7. अपनी पाठ्यपुस्तक के संस्कृत खण्ड से कण्ठस्थ कोई एक श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्नपत्र में न आया हो । 2

8. विद्यालय में खेल-कूद की सामग्री की ओर ध्यान दिलाते हुए प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए । 4

**अथवा**

किसी पर्यटक स्थल का वर्णन करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए कि वह भी कुछ दिनों के लिए आपके पास आ जाए ।

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : 1 + 1 = 2

(i) अलक्षेन्द्रः कः आसीत् ?

(ii) दुराग्रहः कुत्र नास्ति ?

(iii) भूमेः गुरुतरं किम् अस्ति ?

(iv) कूपः किमर्थं दुःखम् अनुभवति ?

10. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 1 × 7 = 7

(i) साम्प्रदायिकता : एक अभिशाप

(ii) विज्ञान : वरदान या अभिशाप

(iii) छात्र और अनुशासन

(iv) स्वच्छ भारत अभियान

(v) किसी यात्रा का वर्णन ।



A08A653